श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
A Central University established by an Act of Parliament
(Formerly Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha, Deemed to be University)

संख्या : एफ.1 (101 )/ला.बा.श.रा.सं.वि/सा.प्र./2021-22/1084 दिनांक: 21/02/2022

## कार्यालय आदेश

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त कार्यालय ज्ञापन संख्या 8-64/2021/एल–II दिनांक 17/02/2022 के अनुपालन में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 22/02/2022 फरवरी प्रातः 11:00 से 12:00 तक *"भारत भारती भाषा महोत्सव"* मनाया जाएगा । इस वर्ष महोत्सव का आयोजन पृथ्वी एवं विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 22/02/2022 को प्रातः 11:00 बजे से 12:00 तक आभासीय माध्यम (Virtual Medium) से किया जाएगा।

"भारत भारती भाषा महोत्सव" समारोह का शुभारंभ भारत के माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा दिनांक 22/02/2022 को प्रातः 11:00 बजे से किया जाएगा जिसका सीधा प्रसारण यू-ट्यूब पर किया जाएगा । डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञानं मंत्रालय, भारत सरकार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे । अतः विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपरोक्त वेबिनार में दिनांक 22/02/2022 को समयानुसार ऑनलाइन उपस्थिति अपेक्षित है । वेबिनार में जुड़ने के लिए संगणक विभाग द्वारा एक लिंक भी साझा किया जाएगा। वेबिनार का संयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर प्रो. नीलम ठगेला, छात्र कल्याण संकाय प्रमुख द्वारा किया जाएगा

यह कार्यालय आदेश सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है ।

(जे.पी सिंह)
सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

प्रतिलिपि: -

(1) समस्त संकाय प्रमुख/ विभागाध्यक्ष
(2) प्रो. नीलम ठगेला, छात्र कल्याण संकाय प्रमुख
(3) ओ.एस.डी (परीक्षा)
(4) कुलानुशासक / निदेशक (आई.क्यू.ए.सी)/ मुख्य सतर्कता अधिकारी / छात्रावास अधिष्ठाता
(5) उप-कुलसचिव (लेखा) / उप-कुलसचिव (परीक्षा)
(6) अधिशासी अभियंता
(7) संगणक प्रमुख को इस आशय से प्रेषित कि:
(i) उक्त आदेश को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें ।
(ii) विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक / गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्रों को SMS/Whatsapp के माध्यम से सूचित करें । – official grp
(iii) उपरोक्त कार्यक्रम में जुड़ने हेतु ऑनलाइन लिंक साझा करने की व्यवस्था करें ।

7. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष

8. समस्त सहायक कुलसचिव

9. माननीय कुलपति / कुलसचिव के निजी सचिव

11. समस्त अनुभाग अधिकारी

12. सम्बंधित पत्रावली

13. कार्यालय आदेश पत्रावली

जे.पी. सिंह
21-2-22

(जे.पी.सिंह)

सहायक कुलसचिव (सा. प्र.)

डॉ. एम. रविचंद्रन
Dr. M. Ravichandran

सचिव
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
पृथ्वी भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
PRITHVI BHAWAN, LODHI ROAD, NEW DELHI-110003

सचिव/Secretary
FTS No. 1011444
उच्च शिक्षा विभाग/D/o Higher Edn.

अर्द्धशासकीय पत्रांक : ई-11017झ/1/2021-हिंदी

दिनांक: 15/02/2022

प्रिय महोदय / महोदया,

आपको यह सूचित करते हुए मुझे बड़ा हर्ष हो रहा है कि भारत सरकार के विज्ञान मंत्रालयों द्वारा भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन और संवर्धन की दृष्टि से **'भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ'** आयोजित करने का निश्चय किया गया है। भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं और हिंदी राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं सम्मिलित हैं। भाषाओं की विविधता देश की एकता को सुदृढ़ करती है और उनमें रचे साहित्य हमें समृद्ध करते हैं। ज्ञान विज्ञान के आलोक को जन-जन तक पहुँचाने और लोकतंत्र को समृद्ध करने के लिए इन सभी भाषाओं समर्थ बनाने की आवश्यकता है।

यह ध्यान में रखते हुए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने कुछ अन्य वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों के साथ मिलकर **'भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ'** की संयुक्त पहल की है। भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू महोदय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 22 फ़रवरी 2022 को 1100 से 1200 बजे तक पृथ्वी भवन, लोदी रोड़, नई दिल्ली में इस आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। माननीय डा. जितेंद्र सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

आपसे साग्रह अनुरोध है कि **इस अवसर पर स्वयं उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनायें।** यह कार्यक्रम यूट्यूब चैनेल https://youtu.be/9W5tdhFLKcE पर सीधा प्रसारित होगा। कदाचित आप इससे सहमत होंगे कि भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी स्तर पर यह एतिहासिक आयोजन सभी भारतवासियों के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय है, इसलिए मेरा आपसे यह भी आग्रह है कि **अपने संगठन सहित सभी अधीनस्थ कार्यालयों/स्वायत्तशासी निकायों में कार्य करने वाले कार्मिकों को भी प्रेरित करें कि वे उक्त लिंक से जुड़कर इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।**

JS(L)
15/2
DS(L)
SO(L)
L-II

सादर,

भवदीय,

एम. रविचंद्रन

(एम.रविचंद्रन)

सेवा में,

सचिवगण, भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
(सूची के अनुसार)

Tel. : +91-11-24629771, 24629772 ❑ Fax : +91-11-24629777 ❑ E-mail : secretary@moes.gov.in

**अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21 फरवरी 2022) के उपलक्ष्य में**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेतृत्व में भारत सरकार के वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों के समवेत आयोजन

**'भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ'**

का '**पल-प्रति-पल कार्यक्रम**'

**स्थान:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोदी रोड़, नई दिल्ली का '**महिका सभागार**'

**दिनांक: 22/02/2022**

| | | |
|---|---|---|
| 11:00 बजे - 11:05 बजे | : | वीआईपी का आगमन, स्वागत एवं स्थान ग्रहण करना |
| 11:05 बजे - 11:07 बजे | : | मंत्रोच्चार के साथ द्वीप प्रज्जवलन |
| 11:07 बजे - 11:14 बजे | : | विभागीय कार्मिकों द्वारा '**मिले सुर मेरा तुम्हारा...**' की प्रस्तुति |
| 11:15 बजे - 11:20 बजे | : | स्वागत भाषण सचिव, पृथ्वी विज्ञान द्वारा |
| 11:20 बजे - 11:30 बजे | : | विषय प्रवर्तन, प्रोफे (डॉ.) गिरीश्वर मिश्र, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा |
| 11:30 बजे - 11:35 बजे | : | प्रोफे (डॉ.) रीता बहुगुणा जोशी, संयोजिका, संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उपसमिति द्वारा संबोधन |
| 11:35 बजे - 11:40 बजे | : | डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जी द्वारा संबोधन |
| 11:40 बजे - 11:55 बजे | : | महामहिम उपराष्ट्रपति जी द्वारा महोत्सव का शुभारंभ एवं आशिर्वचन |
| 11:57 बजे - 11:59 बजे | : | धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा |
| 12:00 बजे | : | राष्ट्रगान और उसके बाद जलपान |